सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र

ब्लाक - जेडी, सैक्टर - III, साल्ट लेक, कोलकाता - 700106

प्रवेश 2016

भौतिक विज्ञान (आईपीएचडी - पीएच) में बी.एससी एकीकृत पीएच.डी कार्यक्रम 2016

(कलकत्ता विश्वविद्यालय के सहयोग के साथ)

सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र, वर्ष 2016 के लिय अच्छे शैक्षिक रिकॉर्ड (प्रथम डिविजन/श्रेणी) वाले छात्रों से भौतिक विज्ञान (आईपीएचडी - पीएच) में बी.एससी एकीकृत पीएच.डी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है । जो छात्र आवेदन कर रहें हैं उनसे अपेक्षित है कि वे अनुसंधान मे अपना करियर बानने के लिए अभिप्रेरित हों यह कार्यक्रम पूर्णत आवासीय है तथा छात्रों को परिसर में आवास तथा भोजन की सुबिधा प्रस्तुत की जाती है । केंद्र इन कार्यक्रमों के लिए कोई फीस नहीं लेता । यह कार्यक्रम कलकत्ता विश्वविद्यालय के सहयोग के साथ किया जाता है ।

केंद्र, भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक प्रमुख स्वायत अनुसंधान संस्था है । इसके साथ ही केंद्र अपने विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए भारत और विदेश की निधि एजेंसियों से निधि प्राप्त करता है । केंद्र के भारत और विदेश के अन्य प्रमुख संस्थाओं के साथ द्विपक्षीय विनिमय द्वारा व्यापक सहयोग कार्यक्रम हैं जिसमे पीएच.डी के छात्र सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।केंद्र की आधारिक संरचना (अनुसंधानात्मक तथा सांगणात्मक) अत्यंत आधुनिक तकनीकी से सुसज्जित हैं जिसमे भौतिकी, रसायन, जैविक और गणितीय विज्ञान के कुछ चुने हुये क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान के लिए एक डिजिटल पुस्तकलाय भी शामिल है । जीव विज्ञान में अनुषंधान कार्यक्रम उन क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करता है जो रसायन और जीव भौतिकी की समस्याओं पर ओवेरलैप करे । संकाय सदस्यों के अनुसंधान प्रोफ़ाइल तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी के लिए कृपया URL: www.bose.res.in पर जाएँ ।

वर्तमान मे केंद्र मे लगभग 160 पीएच. डी और एकीकृत पीएच.डी विद्यार्थी हैं केंद्र के भूतपूर्व छात्र शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्रों में भारत तथा विदेशों में कार्य कर रहे हैं । केंद्र, विद्यार्थी के शैक्षणिक विकास के लिए उत्तम वातावरण प्रदान करता हैं ।

इस कार्यक्रम में छात्रों को एम एस सी के लिए एक नियत कोर्स वर्क का जिम्मा लेना पड़ता है तथा इसके नियम को मानना पड़ता है । जो छात्र इस कोर्स वर्क को सफलतापूर्वक पूरा कर लेते हैं उन्हे कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा एम एस सी की डिग्री प्रदान की जाती है । एकीकृत पी एच डी कार्यक्रम तथा अध्येतावृति को जारी रखने के लिए, एक न्यूनतम शैक्षणिक स्तर और अनुसंधान आउटपुट को बनाए रखना होगा । एक उचित अनुवीक्षण प्रक्रिया के बाद छात्र को कलकत्ता विषविदयालाय के साथ पी एच डी डिग्री के लिए पंजीकृत किया जाएगा । प्रवेश की विस्तृत सूचना नीचे दी जा रही हैं:

1. **मूल अहर्ता:** प्रथम श्रेणी अर्थात,कुलयोग में कम से कम 60% (अनु.जाति/जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 55%) बी.एससी में भौतिकी और गणित के साथ ।
2. **(1) के साथ अतिरिक्त अपेक्षित अहर्ता:**

   जेईएसटी: सभी सफल

   अथवा

   एनजीपीई: शीर्ष के 25 रैंक
3. **साक्षात्कार की तारीख: 30-31 मई**
4. **आयु सीमा** - कोई नहीं।तथापि अंतिम विश्वविद्यालय परीक्षा (बी .एससी) 2014 से पहले ना दिया हो ।

5. मासिक वजीफा: प्रथम दो वर्षों के दौरान 12,000 रुपये । कोर्सवर्क के सफलतापूर्वक पूरा होने पर कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा एम.एससी की डिग्री दी जाएगी तथा उसके बाद अपेक्षित योग्यता मिलने पर छात्र को जेआरएफ में भर्ती किया जाएगा. यदि जेआरएफ कार्यक्रम में भर्ती होते हैं तो केंद्र के जेआरएफ के अनुसार उन्हे वजीफा दिया जाएगा । यह कार्यक्रम सिर्फ आवासीय है और हर विद्यार्थी को परिसर में आवास की सुविधा दी जाएगी ।

6. ऑनलाइन आवेदन: 1 अप्रैल से शुरू तथा 7 मई को बंद ।

सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे । अधिक जानकारी के लिए http://www.bose.res.in पर लाग ऑन करें । प्रवेश के मामले में केंद्र के निदेशक का फैसला ही अंतिम और मान्य होगा ।

किसी भी शैक्षणिक/कार्यालयी पूछताछ के लिए लिखें: admission@bose.res.in

किसी भी तकनीकी पूछताछ के लिए लिखें: **admission-help@bose.res.in**